# प्रेस नोट दिनांक 12.09.2023

**(1).** आज दिनांक 12.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

**(2).** आज दिनाँक 12.09.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** आज दिनांक 12.09.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया । बाद परेड महोदय द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तत्पश्चात महोदय द्वारा कर्मचारीगणों को अर्दली रुम किया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम द्वारा मु0अ0सं0193/23 धारा 307 भादवि से संबंधित अभियुक्त कल्लू यादव पुत्र सुरेश चंद्र निवासी ग्राम चांदीराय थाना पश्चिम सरीला जनपद कौशांबी को माननीय न्यायालय से दिनांक 11.09.2023 को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर उसकी निशा देही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गयी ।

**बरामदगीः-**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर

**गिरफ्तार / कस्टडी करने वाली टीमः-**

1. उप निरीक्षक श्री इंद्रजीत गौतम थाना मऊ
2. आक्षी राहुल पांडेय
3. आरक्षी रणवीर सिंह

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के के क्रम में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री नागेन्द्र कुमार नागर तथा उनकी टीम द्वारा एकराय होकर घेरकर मारपीट कर हत्या का प्रयास व हत्या करने से सम्बन्धित 01 नामजद अभियुक्त को आलाकत्ल बरछी के साथ गिरफ्तार किया गया ।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 09.09.2023 को वादिया तुलसा पुत्री विजय बहादुर निवासी सड़ का पुरवा मजरा चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी गयी कि विपक्षीगणों द्वारा एक राय होकर लाठी,

डंडा व बरछी लेकर वादिया के पिता विजय बहादुर उम्र 48 वर्ष व चाचा भुजवल पुत्रगण निर्पत यादव निवासीगण सड़ का पुरवा मजरा चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को घेरकर हत्या करने के उद्देश्य से गाली गलौज करते हुये लाठी डंडों व बरछी से मारपीट कर वादिया के पिता विजय बहादुर उपरोक्त की हत्या कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी गयी । इस सूचना पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 171/2023 धारा 147/148/149/342/307/302/323/504/506 भादवि0 बनाम हरीशचन्द्र आदि 15 नफर निवासीगण सड़ का पुरवा मजरा चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी एवं उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुये मुखविर की सूचना पर अभियुक्त रामानन्द पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद बरछी बरामद की गयी। उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित 07 अभियुक्तों को दिनांक 11.09.2023 को गिरफ्तार कर लिया गया था तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

रामानन्द पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद बरछी

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री नागेन्द्र कुमार नागर
2. मुख्य आरक्षी चालक श्यामकरन कुशवाहा
3. आरक्षी विनोद कुमार
4. आरक्षी गुड्डू यादव

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया।

आवेदिका श्रीमती तेजनिया पत्नी राजेश निवासी खोही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक महोदया के समक्ष अपने पति राजेश यादव पुत्र चुनवाद निवासी खोही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध मारपीट कर लड़ाई झगड़ा करना तथा ससुराल में न रहने देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दम्पति द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर सभी को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा दम्पत्ति को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1. प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह
2. महिला आरक्षी शिवाग्नी

**(7).** पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा श्री शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय द्वारा भोली भाली जनता में भय आतंक फैलाने वाले अभियुक्त 1. कुलदीप उर्फ विक्की पुत्र योगेन्द्र सिंह नि0 अगरहुण्डा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 2. योगेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र रामकल्याण सिंह नि0 अगरहुण्डा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 3. दीपक सिंह पुत्र रामकल्याण सिंह नि0 अगरहुण्डा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 4. हरिविलाश पुत्र गोरेलाल नि0 नटो का डेरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 5.

लखन पुत्र बच्चा खाँ नि0 नटो का डेरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 6. आमिर पुत्र लखन नि0 नटो का डेरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 7. नारायण दत्त उर्फ राजा पुत्र रमाशंकर नि0 बराछी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 8. रावेन्द्र उर्फ बेन पुत्र शिवबरन नि0 बराछी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(8).** आज दिनांक 12.09.2023 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा अपर जिलाधिकारी श्री कुवर बहादुर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की उपस्थिति में दिनांक 14.09.2023 को पड़ने वाली भाद्रपद अमावस्या मेला हेतु डियूटी में लगने वाले अधि0/कर्मचारीगणों की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग के दौरान बाह्य जनपदों से आये पुलिस बल तथा जनपद चित्रकूट के पुलिस बल को अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अपने-अपने डियूटी पॉइन्ट पर समय से पहुंचेगें तथा सतर्क रहकर ड्यूटी चार्ट के मुताबिक डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। डियूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें तथा डियूटी के दौरान कोई भी समस्या होती है तो अपने लाइजनिंग अफसर को अवगत कराते हुये उच्चाधिकारियों को सूचना दें।

मेला डियूटी हेतु बाह्य जनपदों से कुल 11 क्षेत्राधिकारी, 14 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक, 03 महिला उपनिरीक्षक, 400 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 04 उपनिरीक्षक यातायात, 39 मुख्य आरक्षी/आरक्षी यातायात, 08 उपनिरीक्षक एलआईयू, 13 मुख्य आरक्षी/आरक्षी एलआईयू व 01 एएस चेक टीम, 01 बीडीएस टीम, 02 कम्पनी पीएसी, 02 प्लाटून फ्लड पीएसी तथा जनपद चित्रकूट के 05 क्षेत्राधिकारी, 35 निरीक्षक, 64 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक, 184 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 68 महिला आरक्षी, 01 निरीक्षक यातायात, 03 उपनिरीक्षक यातायात, 28 मुख्य आरक्षी/आरक्षी यातायात, 02 उपनिरीक्षक एलआईयू, 06 मुख्य आरक्षी/आरक्षी एलआईयू व 02 डॉग स्क्वायड टीम की डियूटी लगायी गयी है।

ब्रीफिंग के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी श्री भूपेन्द्र द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी श्री राजबहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद झाँ,उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री रामजनम यादव, उपजिलाधिकारी श्री मऊ श्री राकेश पाठक, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी एलआईयू श्री अनुज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातयात श्री शिवप्रकाश सोनकर समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बाद ब्रीफिंग जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग का भ्रमण किया गया, जिसमें सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे। सोमवती अमवस्या मेला की तैयारी हेतु जहाँ जहाँ कमियां पायी गयी, उसके सम्बन्ध में तैयारी पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**(9).** आज दिनाँक 12.09.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भास्कर ,पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा श्री विपिन कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के द्वारा भाद्रपद अमवस्या मेला के दृष्टिगत रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं मेले से सम्बन्धित तैयारियों का जायजा लिया गया। भाद्रपद अमवस्या मेला की तैयारी हेतु जहाँ जहाँ कमियां पायी गयी, उसके सम्बन्ध में तैयारी पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पैदल गस्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज मिश्र,क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात श्री शिवप्रकाश सोनकर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री गुलाब त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(10).** एस चेक,डॉग स्क्वायड, बीडीडीएस टीम ,एलआईयू0 की संयुक्त टीम द्वारा भाद्रपद आमावस्या पर्व के सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत सघन चेकिंग की गई

आज दिनाँक-12.9.23.को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अनुज मिश्र के पर्यवेक्षण में एस चेक टीम बांदा,डॉग स्क्वॉयड बीडीडीएस एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा भाद्रपद अमावस्या पर्व पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, बेडीपुलिया रोडवेज, रेलवे स्टेशन परिसर में संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।